# हिन्दी काव्य-पाठ प्रतियोगिता





प्राथमिक कक्षाओं की हिन्दी काव्य-पाठ प्रतियोगिता एक फरवरी को थी। उसका आरंभ चारों सदनों के प्राथमिक कप्तानों ने किया। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में कक्षा एक से चौथी तक के बच्चों ने भाग लिया। पहला चरण कक्षा एक और दो के बच्चों के बीच में था। कक्षा एक और दो की कविताएँ मज़ेदार थीं। किसी ने चूहे के बारे में और किसी ने बंदर के बारे में कविता पाठ किया। कक्षा तीन और चार की कविताएँ थोड़ी गंभीर थीं। मेरे हिसाब से प्रतियोगिता बहुत ही रोचक थी क्योंकि काफी कविताएँ बहुत मज़ेदार थीं। सभी निर्णायकों ने अपनी बातों से बच्चों को प्रोत्साहित किया।











